* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

24 सितंबर, 2023
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 334

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


वाराणसी में 400 करोड़ से बनेगा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम 30.6 एकड़ में बनाया जायेगा।




# संपूर्ण स्वास्थ्य समाधान झारखंड औषधालय



निदेशक

31 वर्ष पुराना को बेहतर स्वास्थ्य और फिट महसुस तलाश कर रहे हैं। जड़ी-बुटियों से बनी संकल्पित एवं समस्याओं से बर्बाद कर रहे हैं। समय एवं उचित शारीरिक समस्या के लिए केमिकल से बनी दवा ठीक होता, बल्कि कई और नई बिमारियों को जन्म दे देता ऑफिस लोहरदगा में प्रत्येक रविवार को हेल्थ जिससे अब तक लाखों लोगों की जिंदगी में स्वास्थ्य के बीमार क्यों पड़ते है या हमें बीमारी क्यों होती है? ये दिशा में चला जाता है। जिस कारण से हमें अन्य सुरक्षित अंगो को




झारखंड औषधालय आयुर्वेद एवं जड़ी-बुटी से संबंधित फ्री प्रशिक्षण करा कर लोगों को बेहतर रोजगार मुहैया करा रहा है
विशेष जानकारी के लिए संपर्क करें : मो. : 8083761761
Manager : JH Herbo Shine

झारखंड औषधालय एक ऐसे महत्वाकांक्षी व्यक्ति की सोच, है जो लाखों लोगों देने एवं दवाओं के कुप्रभाव से बचाता है। हम कैसे स्वस्थ रहें, सुंदर दिखें करें, उसके लिए आज पुरी दुनिया के लोग प्राकृतिक विकल्प की जिसके लिए झारखंड औषधालय पिछले 31 वर्षों से प्राकृतिक उत्पादों द्वारा लोगों की इस जरूरत को पूरा करने के लिए प्रयासरत है। आज अनेकों लोग बड़ी से बड़ी शारीरिक परेशान हैं और समय के साथ-साथ लाखों रुपये इसके पीछे लेकिन इस औषधालय में वह अपनी समस्याओं को कम धन व्यय करके दूर कर सकते हैं। हम एक छोटी सी होने के नाम से शुरू करते तो हैं लेकिन वो ठीक नही है। इससे कैसे बचे? इसके लिए कंपनी के हेड एक्सपर्ट के माध्यम से निःशुल्क ट्रेनिंग दी जाती है। प्रति जागरूकता पर नया सवेरा आ चुका है। हम जानकारी नहीं रहने के कारण हमारा ईलाज गलत भी गवांना पड़ता है। शुद्ध जड़ी-बुटियों द्वारा बड़ी से

बड़ी शारीरिक समस्याओं से कैसे बचा जा सके इसके लिए झारखंड औषधालय पूर्ण व्यवस्था कर चुकी है। जोड़ों का दर्द, साईटिका, हार्ट, बी. पी., दमा, सांस संबंधी समस्या, महिलाओं की समस्या, नपुंसकता, मिर्गी, पागलपन, किसी भी नशे का शिकार हो जाना, कैंसर, किडनी, साइनस, हाईट प्राब्लम, लकवा, जानलेवा फोड़ा-फुंसी, घाव, बालों की समस्या, मुत्र रोग, युट्रेस प्रॉब्लम, थाईराइड, वजन का घट जाना या बढ़ जाना, गैस एसीडीटी अल्सर कब्ज, उल्टी, खट्टी डकार, बवासीर पेट में कीड़े, चर्म रोग रक्त शोधक सफेद दाग, शुगर, मासिक धर्म की समस्या फलेरिया, अनिन्द्रा, पथरी, प्रोस्टेट समस्या, याददाशत की समस्या, किसी भी प्रकार के प्रभाव को कम करने के लिए पूर्णता ट्रेनिंग के साथ-साथ शुद्ध जड़ी-बूटियों द्वारा समाधान भी किया जाता है।

## एक साथ किडनी, शुगर, बी.पी. और जोड़ो के दर्द से छुटकारा



मेरा नाम आशिश तिर्की है। मैं छतिसगढ़ के एक छोटे से गांव का रहना वाला हूं। दोस्तों, किसी के घर के माता-पिता का बिमार पड़ना बड़ा भारी होता है, लेकिन मेरे लिए उससे भी ज्यादा कठिन था, क्योंकि मैं अपने घर से दूर नौकरी करता था। और मेरी अनुपस्तिथि में करीबी स्वास्थ केंद्र में उपचार चलता था। उनका हमेशा बी.पी. और शुगर बढ़ा रहता था। जिसके कारण उनके शरीर में काफी दर्द रहता था। आंखें कमजोर हो गई थीं। देखते ही देखते उनका शरीर बिल्कुल कमजोर और पतला हो गया था। उनके दोनों पैर फुल गए थे और खाना पिना बिल्कुल कम हो गया था। उनका स्वास्थ बिगड़ता देख जिला के एक बड़े अस्पताल में एडमिट करा दिया और लगभग 35 दिनों तक उपचार कराया। मगर स्वास्थ में बहुत ज्यादा लाभ तो नहीं हुआ, बल्कि उल्टा डॉक्टर उन्हें डायलेसिस की सलाह दे दी। डॉक्टर का कहना था कि लंबे समय से बी.पी., शुगर और जोड़ों के दर्द में जो दवाईयां चली है, उसके चलते किडनी भी खराब हो चुकी है। इसी बीच मेरी फुआ एलमेंडा जी, जो वैद्य राज सोनू जी से 11 वर्षो से परिचित थी और कई अन्य लोगों को भी स्वस्थ करवा चुकी थीं, उन्होंने उसे आंख बंद करके झारखंड औषधालय रांची ले जाने की सलाह दी। दोस्तों, मुझे वहां का उपचार पद्धति देख कर ऐसा लगा जैसे हमने इससे पहले पैसा और समय को अनावश्यक नष्ट किया है। काश, मुझे इस केंद्र का पहले पता चल जाता, जिस पिता को मैंने गोद में उठा के लाया था। आज वो बिल्कुल स्वस्थ हैं और जब तीन महीने के बाद टेस्ट करवाया तो पता चला कि उनकी किडनी बिल्कुल अच्छी हो चुकी है और पूरे शरीर में बीमारी का कोई लक्षण नहीं पाया गया। मैं वैद्य सोनू जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं कि मेरे लकवाग्रस्त पिता आज अपने ही पैरों से चल फिर रहे हैं और स्वस्थ्य जीवन का आन्नद ले रहे हैं।



शोभित मिंज

मेरा नाम शोभित मिंज है। मैं लोहरदगा की रहने वाली हूं। मुझे पिछले कई वर्षों से दर्द के साथ-साथ हर एक-दो दिनों में अंदर से बुखार आ जाता था। मैं इन बिमारियों की दवा भी खा रही थी। मेरे सेहत में सुधार नहीं हो पा रहा था। इसी बीच मेरा भांजा संजय तिर्की झारखंड औषधालय में इलाज हेतु सलाह दी और मुझे खुद लेकर वहां गया। वहां मेरी पूरी सावधानी के साथ पूरे शरीर का वैज्ञानिक पद्धति से जांच हुई। जांच के उपरांत पता चला कि छोटी-छोटी बीमारियों के लंबे समय तक अंग्रेजी दवा खाने से मेरी किडनी में प्रॉब्लम आ चुका है। यह जान कर मैं घबडा गई। मैंने झारखंड औषधालय द्वारा बनी हुई दवाओं को लेने का संकल्प लिया। हां, सैकड़ों लोगों को ठीक होते हुए देखा। जिससे मेरा आत्म विश्वास बढ़ गया। मै तुरंत दवा लेने का फैसला किया। निरंतर 3 महीना दवा सेवन करने के बाद जब दुबारा जांच करवाई तो रिजल्ट देख कर मेरा विश्वास ही नहीं हुआ कि मेरी किडनी बिल्कुल ठीक हो चुकी है। इस उत्पाद से मुझे सब से बड़ा लाभ यह हुआ कि बीमारी ठीक होने के साथ-साथ मेरी शारिरीक क्षमता बहुत अच्छी हो गई। जिससे मैं अब घर के काम के साथ-साथ बहुत सारे सामाजिक कामों को खुशी-खुशी कर लेती हूं। धन्यवाद झारखंड औषधालय।

## पुराना से पुराना घुटने का दर्द एवं साईटिका से निजात



मैं फुलमनी पोर, जो लगभग 11 वर्षों से जोड़ों के दर्द, वजन का बढना, बी. पी. और हार्ट जैसी बीमारियों से ग्रसित थी। मै अंग्रेजी दवाईयां खा-खा कर थक चुकी थीं। हर डॉक्टर मुझे पेन किलर देते और जिंदगी भर दवाई खाने की सलाह दिया करते थे। इसी बीच झारखंड औषधालय के सचिव एवं वैद्यराज सोनू जी से मेरी मुलाकात हुई। उन्होंने मुझे खान-पान से संबंधित निर्देश दिए और कुछ जड़ी-बुटी के उत्पाद 120 दिनों तक सेवन करने की सलाह दी। जिसके बाद मैं बिल्कुल भली-चंगी और फिट हूं। मानो, मेरे शरीर में कोई रोग था ही नहीं। **धन्यवाद**



आयुर्वेद पद्धति से बड़ी-बड़ी बीमारियों का कारगर इलाज

डॉ शाहनवाज अहमद 30 वर्षों से झारखंड औषधालय का कर रहे हैं संचालन


## किसी भी प्रकार के नशा से मुक्ति



मेरा भाई मनोहर लकड़ा और मेरे पति जोसेफ लकड़ा के अलावा मेरे घर में कई लोग शराब एवं अन्य नशे के आदि हो चुके थे, जिसके कारण घर में कलह होता रहता था और परिवार अनुशासनहीन हो चुका था। मैं और मेरी सास काफी परेशान थी कि यह शराब दुष्ट आत्मा की तरह घर को तबाह कर रही थी। मैंने एक पत्रिका में पढ़कर वैद्यराज सोनू जी से संपर्क किया। 15 से 20 दिनों के सेवन के बाद से ही सभी लोगों पर अच्छा प्रभाव पड़ा। जिससे पूरे परिवार में खुशियों की लहर छा गई। मैं समझती हूं कि हर उस व्यक्ति को, जो नशा का आदि हो, उसे इस औषधालय का सुखद लाभ उठाना चाहिए।

Your Faithful Health & Nutrition Consultant





31 वर्ष पुराना झारखंड औषधालय एक ऐसा अनुसंधान केंद्र है, जो बिल्कुल परिपक्व हो चुका है। हमारे औषधालय में जो भी उत्पाद तैयार किये जाते हैं एकदम सुरक्षित एवं हानि रहित हैं। हमारे कुछ चमत्कारिक उत्पाद जैसे जोड़ों का दर्द, साईटिका, हार्ट, बी. पी., दमा, सांस संबंधी समस्या, महिलाओं की समस्या, नपुंसकता, मिर्गी, पागलपन, किसी भी नशे का शिकार हो जाना, कैंसर, किडनी, वजन का घट जाना या बढ़ जाना, साइनस, हाईट प्रॉबल्म, थाईराइड, गैस एसीडीटी, अल्सर, कब्ज, उल्टी खट्टा डकार, युरिक एसिड, युटेरस प्रॉब्लम, बवासीर, भगंदर, पेट में कीड़े, कदु दाना चर्म रोग, चेहरे पर छाईयां एवं पिम्पलस, सफेद दाग, शुगर, अनिन्द्रा, पथरी, प्रोस्टेट समस्या, याददास्त की समस्या, किसी भी प्रकार के नशा को कम करना इत्यादि रोगों में केमिकल-रहित जड़ी-बुटी द्वारा तैयार की जाती है, जो शत प्रतिशत शुद्ध और हानि रहित है।

**नोट**

सर्दी, जुकाम, टी.बी., सनपात, पुराने से पुराने दमा एवं किसी भी प्रकार का साईनस, आदि रोगों के लिए अवश्य सम्पर्क करें



अंकित कुमार पांडेय, साइंटिस्ट एवं सलाहकार झारखंड औषधालय

## ऑनलाइन ट्रीटमेंट के द्वारा आप अपना ईलाज करा कर पोस्ट एवं कुरियर से दवा अपने पते पर मंगवा सकते हैं

मिलने से पहले दिन और समय अवश्य निर्धारित कर लें Mob : 9308072041, 6204792486

email : ausadhalayajharkhand@gmail.com web : jharkhandaushadhalaya.com YouTube : Jharkhand Aushadhalaya web : jharkhandaushadhalaya.com

नोट : लोहरदगा में मिलें : - एतवार, सोमवार, मंगलवार सुबह 11.00 बजे से शाम तक साईडिंग बस स्टैण्ड के पिछे, कुटमू रोड, लोहरदगा
रांची में मिलें :- बुधवार व शनिवार सुबह 11.00 बजे से शाम 4 बजे तक न्यू गार्डेन, सिरम टोली टाटा शोरूम के समीप, रांची
शाखा ऑफिस रांची : न्यू गार्डेन सिरम टोली, ओल्ड एच.बी. रोड, नियर-सरना मैदान, रांची, झारखंड-834001






# विनोद बिहारी महतो जन्मशती : झामुमो ने झारखंड के लिए संघर्षों को किया याद

केंद्रीय कार्यालय में रामगढ़ और लातेहार के पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक

संगठन की मजबूती पर जोर, सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड आंदोलन के प्रणेता विनोद बिहारी महतो की शनिवार को जयंती थी। इस वर्ष इनकी जन्मशताब्दी मनायी गयी। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से रांची में उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने पार्टी के हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में विनोद बाबू को श्रद्धासुमन अर्पित किया। झारखंड के लिए किये गये उनके संघर्षों को याद किया गया। इसके बाद झामुमो की पूर्व निर्धारित बैठक शुरू की गयी। इसमें रामगढ़ और लातेहार के पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर संगठन की मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया, ताकि समाज के अंतिम पंक्ति तक झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार द्वारा लागू की गयी योजनाओं का लाभ पहुंच सके। पार्टी के पदाधिकारियों से उन्होंने कहा कि आम लोगों की मजबूती के लिए सरकार कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिले, ये हमारी कोशिश होनी चाहिए। आपको बता दें कि 24 सितंबर को 11 बजे से पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम औरसरायकेला-खरसावां जिला समिति की विस्तारित बैठक रांची के हरमू स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित की जायेगी।



## केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने दिया निर्देश

झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक में शामिल सदस्यों के द्वारा दिये गये मंतव्यों और सुझावों पर चर्चा के बाद झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय द्वारा उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिये गये।

### रामगढ़ और लातेहार के पदाधिकारियों के साथ बैठक

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय की अध्यक्षता में शनिवार को रांची के हरमू स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में रामगढ़ और लातेहार जिला के केंद्रीय समिति के सभी सदस्य, जिला समिति के सभी पदाधिकारी तथा वर्ग संगठन के जिलाध्यक्ष और सचिव मौजूद थे। झामुमो की बैठक में शामिल सभी सदस्यों के साथ रामगढ़ और लातेहार जिले में संगठन की मजबूती पर चर्चा की गयी। इसके साथ ही जिला समिति द्वारा क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों का आकलन किया गया। इतना ही नहीं, सभी उपस्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों और सदस्यों को झारखंड सरकार द्वारा जनहित में लायी गयी योजनाओं की जानकारी देते हुए आम जनों तक योजनाओं को पहुंचाने का निर्देश दिया गया, ताकि आम जनों को सरकारी योजनाओं पूरा-पूरा लाभ मिल सके।

### पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां की बैठक आज

24 सितंबर 2023 को 11 बजे से पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिला समिति की विस्तारित बैठक (जिला अंतर्गत केंद्रीय समिति के सभी सदस्य, जिला समिति के सभी पदाधिकारी तथा वर्ग संगठन के जिलाध्यक्ष एवं जिला सचिव) रांची के हरमू स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित की जायेगी।

# विनोद बाबू के आदर्शों पर चलकर ही झारखंडियों को हक मिलेगा : सुदेश

विनोद बिहारी महतो की 100वीं जयंती पर बलियापुर पहुंचे सुदेश महतो, विनोद बाबू को दी श्रद्धांजलि

आजसू पार्टी ने विनोद बिहारी महतो की 100वीं जयंती पर 100 सभाओं का किया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विनोद बिहारी महतो एक महान समाज सुधारक और सशक्त झारखंडी दर्शन से पूर्ण नेता थे। विनोद बाबू के दर्शन और सोच से ही झारखंड बढ़ेगा, झारखंडियों को उनका हक मिलेगा। वह कहते थे पढ़ो और लड़ो, एक शिक्षित समाज ही देश राज्य का निर्माण कर सकता है। विनोद बाबू ने इस राज्य और समाज के बारे में जो सपना देखा था वो अभी तक पूरा नहीं हो पाया। उनके सपनों में राज्य एवं राज्यवासियों के प्रगति की छाप थी वो सपना जिसे उन्होंने समाज की कुरीतियों के खिलाफ गढ़ा था। राज्य के नयी पीढ़ी पर बड़ी जिम्मेदारी छोड़ गये हैं विनोद बाबू। नयी पीढ़ी को राजनीतिक प्लेटफार्म में काम करना पड़ेगा। उनके सपनों का झारखंड बनाना ही हमारा लक्ष्य है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने बोकारो जिला के चंदनकियारी में स्व. विनोद बिहारी महतो की प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कही। स्व. विनोद बिहारी महतो के 100वीं जयंती के अवसर पर आज पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो ने बोकारो जिला अंतर्गत रामडीह मोड़ और धनबाद में विनोद बिहारी महतो के बलियापुर स्थित समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की।



## पूरे प्रदेश में 100 सभा आयोजित

पार्टी ने विनोद बाबू के 100वीं जयंती के अवसर पर पूरे प्रदेश में 100 सभा आयोजित करने का निर्णय लिया था। जिसके तहत आज सभी विधानसभा, सभी जिला में विनोद बाबू के फोटो पर माल्यार्पण और उनके द्वारा बतायी गयी राह पर चलने का संकल्प लिया गया। साथ ही साथ केंद्रीय महा अधिवेशन में सभी विधानसभा और जिला क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए चिंतन और मंथन भी किया गया। इस दौरान महाधिवेशन में भाग लेने वाले कार्यकर्ताओं को ऑनलाइन नंबर 99905 99905 के माध्यम से निबंधन करने का निर्देश दिया गया।

इस मौके पर उन्होंने विनोद बाबू के संघर्ष को याद करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलन, समाज की बुराइयों को दूर करने, लोगों को शिक्षित करने और विस्थापितों को न्याय दिलाने के लिए वे अजीवन संघर्षशील रहे। उनके अगुवाई में ही झारखंड अलग राज्य आंदोलन मजबूत हुआ जिसे आजसू पार्टी ने मुकाम तक पहुंचाने का काम किया था। वे एक ऐसे नेता थे जिन्होंने सभी वर्ग व समुदाय को एकत्रित कर झारखंड आंदोलन मजबूत करने का काम किया। वो किसी खास समाज के नहीं बल्कि जन-जन के नेता थे। विनोद बाबू ने सिर्फ पढ़ो और लड़ो का नारा ही नहीं दिया था बल्कि उन्होंने आज से 50 साल पहले स्कूल और कॉलेज को संचालित करने एवं नये विद्यालय, महाविद्यालय खोलने के लिए पांच लाख रुपये तक की सहायता राशि दी थी ताकि समाज के सभी वर्गों के बच्चे वहां पढ़ सकें और झारखंड के सुनहरे भविष्य की नींव मजबूत करें। उनका यह नारा मौजूदा हालात में भी प्रासंगिक है। शिक्षा के साथ-साथ उन्होंने झारखंड की सांस्कृतिक विरासत, लोकगीत-नृत्य को आगे बढ़ने के लिए सदैव प्रयासरत रहें और आर्थिक सहायता भी की। आज राज्य में विनोद बाबू के विचारों के विपरीत गरीबों और शोषितों को भ्रष्टाचार के दलदल में धकेलने का काम सरकार ने किया है। आज कोई भी सरकारी काम बिना पैसा खिलाये नहीं हो रहा है हर टेबल का एक रेट तय है। जिससे आम जनता त्रस्त है। अगर आपके पास पैसे हैं तो आपके सारे काम बिना किसी रुकावट के समय से पहले भी हो सकता है लेकिन एक गरीब इंसान बस सरकारी कार्यालयों के चक्कर ही लगता रह जाता है।

# आमया संगठन के कई पदाधिकारी आज आजसू पार्टी का दामन थामेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आमया संगठन के कई पदाधिकारी और कार्यकारी सदस्य रविवार को आजसू पार्टी का दामन थामेंगे। शनिवार को एस अली ने बताया कि पिछले 2006 से सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर झारखंड के सवालों पर काम किया गया है। इस बीच कई अहम मुद्दों को हल कराया गया। उन्होंने ने कहा कि वर्तमान महागठबंधन सरकार जो झारखंड की जनता और हमलोगों से वादा किया था उसे पूरा करने में विफल रही है और ना ही सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मान दे पायी। इसलिए झारखंडी विचारधारा वाले झारखंड की क्षेत्रीय पार्टी आजसू पार्टी का दामन थामने का निर्णय लिया गया, जिसमें जेएमएम और कांग्रेस से जुड़े लोग भी शामिल रहेंगे।



सांसद रमेश बिधूड़ी के बयान पर झामुमो ने भाजपा की मानसिकता पर उठाये सवाल, कहा

# आने वाले समय में देश में नरसंहार कराया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी के संसद में दिये गये आपत्तिजनक बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। श्री भट्टाचार्य ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने संवैधानिक व्यवस्थाएं जो तय की थीं वह आज कठिन परिस्थितियों से गुजर रही है। उन्होंने कहा कि यह समझ में आ गया कि पांच दिन के विशेष सत्र का मकसद क्या था। यह सौभाग्य था कि जिस संसद भवन में कभी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, डॉ राजेंद्र प्रसाद, जवाहरलाल नेहरू, मौलाना अबूल कलाम आजाद और राम मनोहर लोहिया जैसे लोग बैठते थे, वह जगह अंतिम समय में अपमानित होने से बच गयी, लेकिन जो नया भवन बना उस भवन को बनाने के पीछे की नियत का पता प्रथम सत्र में ही दिख गया और ये भी समझ में आ गया कि देश अब किसी ओर जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल का समर्थन एक बलात्कार का आरोपी करता है। एक सांसद तो संसद में गाली गलौज करते हुए धर्म को आतंकवाद और उग्रवाद के साथ जोड़ता है। वीभत्स शब्दों का प्रयोग करता है और भाजपा के वरिष्ठ सांसद उसकी बातों को सुनकर हंसते हैं। ये भाजपा की मानसिकता को दर्शाता है। आश्चर्य की बात ये है कि सदन के नेता इस मुद्दे पर मौन हैं। सदन में राजनाथ सिंह ने इस पर खेद जरूर व्यक्त किया है लेकिन ये महज आईवाश है। ऐसा लग रहा है कि भाजपा के अंदर प्रतियोगिता चल रही है कि कौन कितना जहर उगलेगा। जो जितना ज्यादा गाली-गलौज करेगा और धर्म के नाम पर नफरत फैलायेगा उसकी पदोन्नति सबसे ज्यादा होगी। लगता है भाजपा बहुत जल्दी रमेश बिधूड़ी को कैबिनेट मंत्री बना देगी। भट्टाचार्य ने कहा कि कहीं शीतकालीन सत्र में भाजपा मारपीट नहीं करा दे। भाजपा की जो मानसिकता है उससे लगता है कि आने वाले समय में देश में नरसंहार कराया जायेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाइकोर्ट जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि उन्हें उच्च न्यायालय से न्याय की पूरी उम्मीद है।




## महत्वपूर्ण न्यूज

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में दिनकर की जयंती मनायी गयी



रांची (आजाद सिपाही)। स्नातकोत्तर हिंदी विभाग डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के तत्वावधान में रामधारी सिंह दिनकर की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि साहित्यकार दयाल राम ने कहा कि उर्वशी ज्ञान और अध्यात्म की अद्भुत कृति है। उन्होंने कई संस्मरणों द्वारा दिनकर को सच्चा राष्ट्र कवि बताया। अध्यक्षता करते हुए डॉ अशोक प्रियदर्शी ने कहा कि दिनकर जी साहित्य और राजनीति को समानांतर रूप में भोगा भी और रचना संसार में प्रमुख स्थान दिया। स्वागत भाषण करते हुए हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ जिदर सिंह मुंडा ने कहा कि दिनकर जी जन कवि थे। लोकतांत्रिक मूल्यों के कारण ही वह राष्ट्र कवि कहलाये। डॉ जितेंद्र सिंह ने दिनकर जी को सच्चा साधक बताया। डॉ जंग बहादुर पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि दिनकर की कविताओं में आग के साथ राग भी मौजूद है। इस अवसर पर प्रियांशु कुमार ने भी विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन संगीता कुमारी औरधन्यवाद ज्ञापन डॉ मृत्युंजय कोइरी ने किया। इस कार्यक्रम की सफलता में संजय, धर्मेंद्र समेत विभाग के समेत विद्यार्थियों की सराहनीय भूमिका रही।

### आरयू मास कॉम में अक्टूबर से होंगी एमए इन फिल्म स्टडीज की कक्षाएं

रांची (आजाद सिपाही)। सत्र 2023-25 में रांची विश्वविद्यालय में एमए इन फिल्म प्रोडक्शन एंड स्टडीज के प्रथम बैच की कक्षाएं अक्टूबर के पहले सप्ताह से प्रारंभ हो जायेंगी। स्कूल आफ मास कम्युनिकेशन के निदेशक डॉ बीपी सिन्हा ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय में बहुप्रतीक्षित एमए इन फिल्म स्टडीज कोर्स में नामांकन हो चुका है। यह दो वर्षीय मास्टर डिग्री कोर्स चार सेमेस्टर में विभाजित है। रांची विश्वविद्यालय ने इस कोर्स की फी भी कम रखी है, ताकि झारखंड के प्रतिभाशाली युवाओं को फिल्म प्रोडक्शन एंड स्टडीज में एमए करने का सुअवसर प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि स्कूल आफ मास कम्युनिकेशन, रांची विश्वविद्यालय के नये भवन और परिसर में फिल्म प्रोडक्शन एंड स्टडीज के लिए सारी सुविधाएं और माहौल उपलब्ध हैं, समय-समय पर यहां बॉलीवुड की बड़ी हस्तियां भी कक्षाएं लेने आयेंगी।

### ओसीसी क्लब दुर्गा पूजा पंडाल की मुख्य सड़क हुई जर्जर : अमित कुमार हर्षवीर

रांची (आजाद सिपाही)। समाजसेवी अमित कुमार हर्षवीर ने बताया कि ओसीसी कल्ब दुर्गा पूजा पंडाल की मुख्य सड़क पुरी तरह जर्जर है। नगर निगम से पिछले 1 वर्षों से आश्वासन ही मिल रहा है। उप महापौर ने सड़क का निरीक्षण किया था। इस सड़क का टेंडर भी निकाला जा चुका है। मार्च से अप्रैल के बीच पास हो गया था परंतु अब जानकारी के अनुसार टेंडर सिंगल जोन में आ गया है जिसके कारण ये सड़क का निर्माण फंसा हुआ है। अगर पूजा से पहले सड़क निर्माण नहीं हुआ तो लाखों भक्तों को कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। क्योंकि ये सड़क मुख्य पूजा पंडाल का मुख्य मार्ग है। मार्ग दो साल से जर्जर है परंतु इस साल सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गये हैं। सरकार, निगम से आग्रह है कि इस रोड का निर्माण अति आवश्यक है। इसे जल्द से जल्द पूजा से पहले बनाया जाये ताकि जनता और श्रद्धालुओं को दिक्कत ना हो। साथ ही तथा संकट मोचन हनुमान मंदिर के पीछे भी रोड और नाला कोई अंतर नहीं रह गया है। जिससे आने-जाने वाले लोगों और श्रद्धालुओं को भी बदबू का समाना करना होता है। यह जानकारी ओसीसी क्लब के सदस्य अमित कुमार हर्षवीर ने दी।



# एनएसयूआइ के प्रतिनिधिमंडल ने डीएसडब्ल्यू को ज्ञापन सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एनएसयूआइ के जिला उपाध्यक्ष आशीष रौशन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्लू डॉ सुदेश कुमार साहू से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जिला सचिव सरफराज अहमद ने कहा कि एसएस मेमोरियल कॉलेज प्रशासन द्वारा द्वितीय मेरिट लिस्ट जारी की गयी है, जो अवैध है। गलत ढंग से जारी किया गया है। इस पर संज्ञान लिया जाये। विश्वविद्यालय कर्मचारी की मिलीभगत से बिना नोटिफिकेशन जारी किये चांसलर पोर्टल खोल कर फॉर्म भर दिया गया। जिसमें 90 प्रतिशत से लेकर 40 प्रतिशत तक के छात्र-छात्राओं की लिस्ट में नाम निकाला गया है। हिस्ट्री, पॉलिटिकल साइंस एवं हिंदी विभाग में फॉर्म कैसे भरा गया। जब पोर्टल ऑफिशियली खुला ही नहीं तो फार्म कैसे भर दिया है। इसकी जांच की जाये और जो दोषी है उसे हटाने की मांग एनएसयूआइ करती है। छात्र नेताओं की बातों को सुनने के बाद डीएसडब्लू ने कहा कि हमलोग मामले को गंभीरता से लेंगे एवं दोषियों पर उचित करवाई करेंगे। मौके पर रांची विश्वविद्यालय पीजी विभाग अध्यक्ष कुमुद महतो, आमिर मुमताज, अदीब आलम मौजूद थे।

# तारा शाहदेव प्रकरण : 30 सितंबर को आयेगा कोर्ट का फैसला

सीबीआइ और बचाव पक्ष की बहस पूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के धर्म परिवर्तन, यौन उत्पीड़न व दहेज प्रताड़ना से संबंधित मामले में मुख्य आरोपी रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल के मामले में शनिवार को सीबीआइ और बचाव पक्ष की बहस पूरी हो गयी। इसके बाद सीबीआइ की विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने मामले में फैसले की तिथि 30 सितंबर निर्धारित की है। पूर्व में सीबीआइ की ओर से हुई बहस के दौरान तारा शाहदेव द्वारा कोहली पर लगाये गये आरोपों का समर्थन किया गया था। वहीं बचाव पक्ष द्वारा बहस में तारा शाहदेव द्वारा लगाये गये सभी आरोपी को बेबुनियाद बताया गया था। गौरतलब है कि मामले में मुख्य आरोपी रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल के अलावा हाइकोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद एवं कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रही हैं। आरोपियों के खिलाफ दो जुलाई 2018 को आरोप गठित किया गया था। सीबीआइ ने 2015 में केस टेक ओवर किया था।

# गैंगरेप के आरोपी विजय सूरज समेत तीन दोषी करार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नाबालिग का अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म करने के तीन आरोपियों को रांची सिविल कोर्ट ने दोषी करार दिया है। रांची सिविल कोर्ट स्थित पोक्सो की विशेष अदालत ने यह फैसला सुनाया। तीनों दोषियों की सजा की बिंदु पर 29 सितंबर को कोर्ट सुनवाई करेगा। कोर्ट ने जिन आरोपियों को दोषी करार दिया है, उसमें एक नाबालिग समेत विजय रजवार और प्रेम कुमार का नाम शामिल है। दरअसल, तीनों ने 11 अगस्त 2020 को डोरंडा थाना क्षेत्र के पोखर टोली में नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। नाबालिग पीड़िता से आरोपी विजय की जान पहचान थी। विजय ने पीड़िता को धोखे से फोन कर बिरसा चौक बुलाया और जबरन स्कूटी पर बैठा कर आरोपियों ने पोखर टोली स्थित एक बाउंड्रीवाल में ले गये, जहां जबरन पीड़िता को शराब पिलायी और बारी-बारी से सभी ने दुष्कर्म किया। प्राथमिकी के मुताबिक, दुष्कर्म के बाद तीनों आरोपियों ने पीड़िता को यह धमकी दी कि अगर उसने कहीं मुंह खोला, तो उसे जान से मार देंगे।

# दुर्लभ निमोनिया का पारस के पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ निरुपम शरण ने किया सफल इलाज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एक 38 वर्षीय मरीज काफी नाजुक स्थिति में पारस एचइसी अस्पताल आया था। वह जब अस्पताल आया था तो उसका ऑक्सीजन काफी कम था, बिलकुल 60% और मरीज का श्वसन गति 45/मिनट था जो सामान्यतः 15 से 16 होना चाहिए। पारस अस्पताल में जब मरीज का एक्सरे किया गया तो पता चला कि मरीज को निमोनिया ने पूरी तरह जकड़ लिया था और उसका दायां तरफ का फेफड़ा पूरा सफेद पाया गया। मरीज को क्रिप्टोजेनिक ऑर्गनाइजिंग निमोनिया नामक बीमारी थी। यह बीमारी एक लाख में मात्र 3% लोगों को होती है। इसमें सामान्यतः दोनों फेफड़े प्रभावित होते हैं। 50 से 60 वर्ष के लोगों में यह बीमारी ज्यादा होती है। पारस अस्पताल में आने के बाद मरीज की नाजुक स्थिति को देखते हुए इन्हें आइसीयू में भर्ती किया गया। मरीज को एंटीबॉयोटिक्स देने के बाद भी उसपर कोई असर नहीं हो रहा था। फिर मरीज वेंटीलेटर पर रखने के बाद ब्रोंकोस्कोपिक बायोप्सी जांच की गयी और उसके बाद मरीज का उपचार शुरू हुआ। उपचार शुरू होते ही मरीज में चमत्कारिक रूप से सुधार होने लगा। मरीज में सुधार को देखते हुए उन्हें दूसरे दिन ही वेंटीलेटर से हटा दिया गया। तीसरे दिन से उनके फेफड़े में भी सुधार होने लगा और कुछ ही दिन बाद उन्हें वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया, जहां से वे पूरी तरह ठीक होकर अपने घर सकुशल चले गये। पारस एचइसी अस्पताल के सीनियर कंसलटेंट डॉ निरुपम शरण का कहना है कि तेज बुखार होने पर, सीने में दोनों ओर या एक ओर दर्द होने पर, कफ की उपस्थिति के साथ सांस लेने में तकलीफ होने पर, खांसी से निकले कफ का रंग सुनहरा या गहरे नीले ग्रे रंग का हो या पतला तथा मटमैला लाल रंग का हो या सामान्य से भिन्न चरित्र का होने पर तुरंत चिकित्सक से मिलकर सलाह लें। जब निमोनिया अपने चरम प्रभाव पर होता है तो मरीज की हालत चिंताजनक हो सकती है। मरीजों को बेहतर इलाज और उत्तम स्वास्थ्य देने के लिए पारस अस्पताल में सभी तरह के निमोनिया के इलाज हेतु सर्वोत्तम उपचार व्यवस्था एवं अत्याधुनिक तकनीक मौजूद है। रांची के पारस एचइसी अस्पताल में मरीजों की सुरक्षा के लिए निमोनिया के टीके उपलब्ध हैं।



### केंद्रीय मंत्री ने सखी मंडल के लिए प्रखंड कार्यालय परिसर में किया भवन का शिलान्यास

# केंद्र सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए लगातार कर रही काम: अर्जुन मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** बानाबुरु महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड की वार्षिक आम सभा शनिवार को हरिजन आवासीय विद्यालय मैदान में हुई। जिसमें पिछले वित्तीय वर्ष का लेखाजोखा, अगले वर्ष की कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण सभी अंशधारकों के बीच किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय जनजागरण मामलों के मंत्री व खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनकी उपस्थिति में सखी मंडल की महिला किसानों के लिए जेएसएलपीएस की ओर से महिला किसान सशक्तिकरण कार्यक्रम (एमकेएसपी) द्वारा चल रहे कार्य जैसे कृषि, पशुपालन, लघु वन उत्पाद एवं प्रधानमंत्री वन धन योजना के बारे में जेएसएलपीएस बीपीएम-एमकेएसपी दीपक कुमार ने विस्तृत जानकारी दी। सखी मंडल की महिला किसानों ने जब अपनी सफलता की कहानी बताई तो केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने जेएसएलपीएस द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने सखी मंडल के सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रखंड कार्यालय परिसर में उनके लिए भवन निर्माण कार्य का शिलान्याश किया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी अजय साव ने भी महिलायों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की गयी। साथ ही सरकार की ओर से महिलाओं लिए चलायी जा रही योजनाओं की एक-एक कर जानकारी दी। इस मौके पर जिला परिसद सदस्य परमेश्वरी शांडिल, उप प्रमुख सीमा देवी, मुखिया, बीडीओ संध्या मुर्मू, सीओ पवन कुमार, नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी शुभम पोद्दार, जेएसएलपीएस राज्य कार्यालय से नवनीत जायसवाल, जेएसएलपीएस जिला कार्यालय से अभिषेक चांद, फार्मर प्रोडूसर कंपनी के निदेशक किरण देवी, रेखा देवी, सनोका देवी, राजमुनी देवी, जेएसएलपीएस बीपीएम रेखा कुमारी, एफटीसी आलम अंसारी, रामेश्वर सिंह मुंडा, आरएससी कोऑर्डिनेटर, आईएलडीसी कोऑर्डिनेटर, एकेएम, एपीएस, एवीएम के अलावा तमाड़ सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा, अड़की सांसद प्रतिनिधि अनूप कुमार साहू, पूर्व नगर अध्यक्ष राजेश उरांव, जिला सांसद प्रतिनिधि महेंद्र नाथ शाहदेव, विवेकानंद जायसवाल, रंजीत लाहेरी, आलोक दास, धीरेंद्र महतो, अर्जुन महतो, कैलाश हलवाई, किरण देवी, राजकुमार महतो, रेखा देवी, रूबी परवीन, भास्कर मुखर्जी, सुबोध मुखर्जी, मनीष भगत, महावीर सोनी, विवेक गुप्ता, संजय महतो, काली पद महतो, गुप्तेश्वर भगत और द्रौपदी मुंडा आदि उपस्थित थे।



भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास करते केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा।



कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं का हुजूम।

# पिपरवार के पुरनाडीह में अपराधियों ने की फायरिंग, डंपर में लगायी आग

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** पिपरवार थाना क्षेत्र के पुरनाडीह कोल परियोजना क्षेत्र में ट्रांसपोटिंग का कार्य कर रहे एक हाईवा डंपर को शुक्रवार की रात अज्ञात अपराधियों ने आग के हवाले कर दिया। यही नहीं, अपराधियों ने फायरिंग कर दहशत फैलाने की भी कोशिश की। उक्त हाईवा डंपर श्रेया एण्ड कंपनी का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की आधी रात कुछ अपराधी पिपरवार थाना क्षेत्र के पुरनाडीह स्थित जामडीह दामोदर नदी पुल के पास उक्त हाईवा डंपर पर सबसे पहले 5 से सात राउंड फायरिंग की। उसके बाद पेट्रोल छिड़कर उसमें आग लगा दिया। अपराधियों ने हाईवा चालक का मोबाईल फोन भी लूट लिया। हालांकि मौका देखकर डंपर चालक किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचायी। घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी जंगल की ओर भाग गए। घटना, रांची और चतरा जिले के सीमांत क्षेत्र पिपरवार के जामडीह के पास हुई है। घटना के बाद से पुरनाडीह कोल परियोजना का ट्रांसपोटिंग कार्य पूरी तरह से बंद है। इधर, घटना की सूचना पाकर पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार एवं सीआईएसएफ कमांडेड संदीप कुमार सहित कई सीसीएल अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। वहीं सीसीएल प्रबधंन की पहल पर मौके पर पहुंची दमकल वाहन ने आग पर काबू पाया। आगजनी की इस घटना में हाईवा डंपर जलकर राख हो गया। वहीं, पुरनाडीह परियोजना में हुई इस तरह के आगजनी और फायरिंग के बाद दहशत का माहौल है। पूरे मामले पर पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। कहा कि इस घटना को किसने अंजाम दिया इसकी भी जांच की जा रही है। कहा कि घटना में शामिल सभी अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। अशांति फैलाने वालों को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान चला रही है।



अपराधियों की आगजनी में जल कर स्वाहा हुआ हाइवा डंपर।

## तीन अक्टूबर को पिपरवार जीएम ऑफिस के समक्ष विशाल प्रदर्शन

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** कोयला उधोग में आगामी पांच अक्टूबर से होने वाले तीन दिवसीय हड़ताल को लेकर संयुक्त मोर्चा ने पिपरवार में पूरी ताकत झोंक दी है। हड़ताल को सफल बनाने के लिए एटक, सीटू, एचएमएस, बीएमएस और इंटक की ओर से लगातार गेट मीटिंग कर कोयला मजदूरों से हड़ताल को सफल बनाने की अपील की जा रही है। शनिवार की सुबह संयुक्त मोर्चा द्वारा पिपरवार पीट ऑफिस और अशोक वर्कशॉप कार्यालय में गेट मीटिंग की गयी, जिसकी अध्यक्षता जनता मजदूर संघ के रविंद्रनाथ सिंह और संचालन सीटू के इस्लाम अंसारी ने किया। गेट मीटिंग में पांच अक्टूबर से होने वाले तीन दिवसीय हड़ताल को सफल बनाने और हड़ताल से पूर्व तीन अक्टूबर को पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष होने वाले विशाल प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की गई। श्रमिक प्रतिनिधियों ने कहा कि कोयला उद्योग में काम करने वाले कोयला मजदूरों का एतिहासिक 11वां वेतन समझौता हुआ है। लेकिन ऑफिसर एसोसिएशन द्वारा जबलपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर कर इसे रद्द कराया गया है, जिसके खिलाफ मजदूरों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

# अर्जुन मुंडा से मिले बार एसोसिएशन के पदाधिकारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** अनुमंडल कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामचरण महतो, उपाध्यक्ष आनंद राम महतो, कोषाध्यक्ष अनूप कुमार जायसवाल और अमूल्य दास आदि ने शनिवार को केंद्रीय जनजागरण मामलो के मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा से मिलकर बुंडू में शीघ्र सिविल कोर्ट चालू करने, बार भवन का निर्माण करने और बुंडू को जिला बनाने की मांग की। इस पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही कोर्ट पहुंचकर सभी लोगों से मिलकर बात करेंगें। इसके बाद आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# झारखंड आंदोलन में स्व. विनोद बाबू की थी अहम भूमिका : जयपाल सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली स्टेडियम परिसर में शनिवार को आजसू की ओर से स्व विनोद बिहारी महतो की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, बुद्धिजीवी मंच के लंबोदर महतो, अशोक सिंह, उप प्रमुख आरती देवी, लक्ष्मी नारायण महतो, लक्ष्मण महतो , ब्रजेश प्रसाद, शिशुपाल महतो, अनुप भाई महतो आदि उपस्थित हुए और स्टेडियम परिसर में स्थित स्व विनोद बिहारी महतो के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर जयपाल सिंह ने कहा कि स्व विनोद बाबू ने पढ़ो और लड़ो का नारा दिया था। उन्होंने गांव के लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा पर जोर दिया था। स्व विनोद बाबू का झारखंड आंदोलन में बहुत बड़ा योगदान था जिस कारण झारखंड राज्य अलग बन सका। इस मौके पर मोहम्मद चांद हुसैन, विकास महतो, शिशुपाल महतो, मनोज कोइरी, संजय कोइरी, बुद्धिजीवी मंच एवं महिला समिति के सदस्य व आजसू कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# सिल्ली अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** आयुष्मान भवः अभियान के तहत सिल्ली सामुदायिक अस्पताल में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किय गया। जिसमें रांची सदर अस्पताल के तकनीकी दल ने 10 यूनिट रक्त का संग्रह किया। शिविर में भरत देव साय, डॉ विवेक कुमार, बबिता केडीया, कल्पना केडिया, समीर रजक, आशा देवी, शुभम कुमार, निरज शर्मा,गुरुचरण कोइरी एवं श्रवण कोइरी समेत 10 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सिद्धेश्वर बास्के ने रक्तदान करने वालों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर आभार व्यक्त किया। मौके पर डॉ विनीता, डॉ कोमल, डॉ मोना थीं।

## बुंडू में रक्तदान शिविर का आयोजन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** आयुष्मान भवः पखवारा के तहत एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन शनिवार को पुराना अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रांची के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, बुंडु अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार साव शामिल हुए। इस दिन अनुमंडल पदाधिकारी ने खुद रक्तदान करते हुए सभी को प्रोत्साहित किया और सभी से इस तरह के कार्यक्रम में रक्तदान करने के लिए प्रेरित किए। बुंडू अनुमंडल अस्पताल के कई कर्मचारियों ने भी रक्तदान में भाग लिया, जिसकी सराहना करते हुए सिविल सर्जन और बुंडू अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ दिलीप कुमार पासवान ने सभी को धन्यवाद दिया। रक्तदान करने वालों में सदानंद महतो, राजकुमार, जसवंत महतो, नसीम अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय के कई कर्मचारी सहित अन्य शामिल रहे। इस मौके पर अभिषेक कुमार, सुबीर दास, अमन कुमार, ईश्वर दयाल साहू आदि उपस्थित थे।

## राहे की छात्रा को आर्चरी में मिला सिल्वर मेडल



**राहे (आजाद सिपाही)।** झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की 9वीं की छात्रा लक्ष्मी कुमारी ने अंडर-17 कैटेगरी में झारखंड सरकार के शिक्षा एवं खेल विभाग के संयुक्त आयोजन में राज्य स्तरीय खेलो झारखंड में 50 मीटर कंपाउंड राउंड में प्रथम और फाइनल राउंड के आर्चरी में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। इसके साथ ही लक्ष्मी कुमारी स्कूल नेशनल के राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में अंडर-17 के कंपाउंड राउंड में झारखंड टीम की तरफ से गुजरात में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेगी। छात्रा के मेडल जीतने पर सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी सीमा प्रसाद, कोच प्रकाश राम व शिशिर कुमार ने छात्रा का उत्साहवर्धन किया। वहीं छात्रा की सफलता पर वार्डेन परमेश्वरी कुमारी, शिक्षिका बिमला कुमारी और सौरभ कुमार सिंह ने हर्ष व्यक्त किया है।

### रोहिणी परियोजना विस्तारीकरण को लेकर पर्यावरण स्वीकृति के लिए हुई लोक सुनवाई

# ग्रामीणों की जो भी समस्याएं हैं उसका सीसीएल प्रबंधन को करना है समाधान : रामवृक्ष महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** रोहिणी परियोजना विस्तारीकरण को लेकर शनिवार को पर्यवारण स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई आयोजित की गई। कार्यक्रम में रांची के अपर समाहर्ता रामवृक्ष महतो और झारखंड राज्य प्रदूषण बोर्ड के सदस्य गौरव जैन, क्षेत्रीय पदाधिकारी गोपाल जी, एनके एरिया महाप्रबंधक संजय कुमार, खलारी बीडीओ लेखराज नाग, अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्य, प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, जीप सदस्य सरस्वती देवी सहित कई प्रतिनिधि मौजूद थे। सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया। रोहिणी पीओ जेके सिंह ने परियोजना विस्तारीकरण को लेकर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन एसओपी ज्योति कुमार ने किया। प्रदूषण बोर्ड के सदस्य गौरव जैन ने कहा कि रोहिणी परियोजना विस्तारीकरण को लेकर पर्यवारण संबंधित समस्याओं के लिए स्वीकृति लिया जाना है जिसमें परियोजना से प्रभावित होने वाले ग्रामीणों की सहमति जरूरी है। रांची एससी रामवृक्ष महतो ने कहा कि ग्रामीणों की जो भी समस्याएं आयी है उस पर सीसीएल प्रबंधन को समाधान करना है।




## ग्रामीणों ने उठाये रोजगार और पुनर्वास समेत कई मुद्दे

मोर्चा अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, रंथू उरांव एव रतिया गंझू ने रैयत विस्थापितों को विश्वास में लेकर नौकरी, मुआवजा सहित अन्य सुविधा देने की मांग रखी। वही, नगीना देवी ने नवाडीह में रोड, पानी, सामूदायिक भवन, स्कूल बस आदि की मांग की। संतोष राम ने रोजगार की व्यस्था करने और मूलभूत सुविधा देने की मांग की। सुक्रमनी देवी ने तुमांग पंचायत में वन पट्टा की मांग की। छोटन भोगता ने चिन्हित कर विस्थापित की बात कही। आनंद कुमार मेहता ने पुनर्वास, रोजगार मांगा। जाती आवासीय प्रमाण पत्र बनने में हो रही परेशानी को रखा। शिवनारायण लोहरा ने प्रबंधन से रैयत विस्थापितों के लिए कार्य करने की बात कही। रामधारी गंझू ने कहा कि सुनिश्चित रोजगार का प्रबंध किया जाए। पेड़ पौधा लगाएं,स्वास्थ्य सीक्षा आदि की मांग की। शिवनाथ भोगता ने कहा कि पहले भी जमीन का अधिग्रहण किया गया था, लेकिन यहां के ग्रामीणों को रोजगार और मुआवजा सही रूप से नहीं दिया गया। उचित पुनर्वास किया जाए। उपयोगी पेड़ लगाया जाए। कोल ट्रांसपोटिंग में तिरपाल का उपयोग हो। झाड़ू के माध्यम से कोल डस्ट का सफाई हो। रैय्यत विस्थापित प्रमाण पत्र निर्गत किया जाए। अमृत भोगता ने कहा कि ढुब पेटपेट गांव के लोगों को आर आर पॉलिसी के तहत नौकरी मुआवजा एवं पुनर्वास ,रोजगार की व्यवस्था हो। इस मौके पर प्रमुख सोनी तिग्गा, जीप सदस्य सरस्वती देवी, ललन सिंह, मनोज रजक, बिगन सिंह भोगता, जगरनाथ महतो, जालिम सिंह, रामलखन गंझू, विनय खलखो, पीओ नरेश सिंह, अनुज कुमार, शैलेश कुमार, सुनील सिंह, प्रेम कुमार, गोल्डेन यादव, विनय सिंह मानकी, नरेश गंझू, मुकद्दर कुमार, अमृत भोगता, शिवनारायण लोहरा आदि मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सिल्ली : महिला के गोल ब्लाडर से निकली आठ हजार से अधिक पथरी

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिंगपुर नर्सिंग होम में भर्ती पुष्पा देवी नामक एक मरीज के पेट के गॉल ब्लाडर से 8800 पथरी निकली गयी है। नर्सिंग होम के संचालक डॉ रमनेश प्रसाद ने बताया कि पहली बार इतनी बड़ी संख्या में पथरी निकली गयी है। उन्होंने बताया कि एक नर्स को इसे गिनने में काफी वक्त लग गया। महिला पश्चिम बंगाल के झालदा थाना क्षेत्र के महतो मारा की रहने वाली है। महिला के पेट में काफी दिनों से दर्द की शिकायत थी। उसका परेशन बुधवार को किया गया था। फिलहाल महिला स्वस्थ है।

### व्यवसायी की दिवंगत माता के श्राद्ध कर्म में पहुंचे विधायक सुदेश महतो, दी श्रद्धांजलि





**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** विधायक सुदेश कुमार महतो शुक्रवार की देर शाम सिल्ली के युवा व्यवसायी पिंटू साव एवं चिंटू साव की दिवंगत माता के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए। उन्होंने व्यवसायी की दिवंगत माता कमला देवी के चित्र पर पुष्पांजलि देकर नमन किया। उन्होंने शोकाकुल परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर शोक व्यक्त करते हुए ढांढस बंधाया। इस मौके पर शशि भूषण प्रसाद, विद्याभूषण प्रसाद, जयपाल सिंह, सुनील सिंह, चित्तरंजन महतो, चीकु सिंह, संजीत सिंह देव, नेपाल साव, रविंद्र करमाली, विकास महतो, राजेश साव, मनोज साव, अनिल साव, विनय साव, विजय साव, किशन साव, अंकुश साव समेत कई लोग उपस्थित थे।

### वार्षिक आमसभा में लेखा-जोखा पेश, 3.12 लाख का मुनाफा

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बारेनदा सीएलएफ कार्यालय में महिला समूह के बीच वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें साल भर का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। पूरे साल में सीएलएफ को तीन लाख बारह हजार रुपये का मुनाफा हुआ है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह ने महिला समूह के क्रियाकलापों और स्वरोजगार के प्रति अग्रसर होने की दिशा में कर रहे प्रयासों की चर्चा की। जेएसएलपीएल की बीपीएम अभिलाषा कुमारी ने लेखा जोखा का निरीक्षण किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह, ग्राम प्रधान कृष्णा मुंडा, उप प्रमुख सविता देवी, बीपीएम अभिलाषा कुमारी, ललित कुमार, धनूय यादव, शिला देवी, दिनेश, दीपक कुम्हार, पूनम देवी, अध्यक्ष यशोदा देवी, सचिव संजोति देवी कोषाध्यक्ष नंदा देवी और सूचित्रा देवी आदि थीं।

### कुकड़ू के 20 सूत्री अध्यक्ष शक्तिपद महतो का निधन





**कुकड़ू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के वरिष्ठ झामुमो नेता सह 20 सूत्री अध्यक्ष शक्तिपद महतो का शनिवार की दोपहर दो बजे रांची के रिम्स अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बतातें चलें कि विगत दिनों उनकी तबियत बिगड़ने से परिजनों ने बेहतर ईलाज के लिए टीएमएच अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उनका 15 दिनों से अस्पताल के सीसीयू में इलाज चला और वे स्वस्थ होकर घर लौटे थे। पर शुक्रवार की सुबह अचानक तबीयत फिर से बिगड़ गयी। जिसके बाद परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पातल में भर्ती कराया जहां इलाज के क्रम में निधन हो गया। उनके निधन की सूचना पाकर विधायक सविता महतो ने पार्टी व निजी स्तर पर अपूर्णिय क्षति बताया और उनके घर पहुंच कर परिजनों को ढांढस बंधाया।

### माओवादियों की वर्षगांठ को लेकर विशेष सतर्कता

**अड़की (आजाद सिपाही)।** माओवादियों द्वारा 21 से 27 सितंबर तक 19वां वर्षगांठ मनाया जा रहा है। इसे लेकर माओवादियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। अड़की थाना क्षेत्र के सुदुर सिजुडी व मुचिया बाजार टांड में माओवादियों ने बैनर-पोस्टर से पाट दिया गया है। पुलिस को सूचना मिलते ही पोस्टर बैनर को हटा दिया गया है। घटना गुरुवार की रात की बताई जा रही है।

## गणेश चतुर्थी समारोह के अंतिम दिन 108 कुंवारी कन्याओं का पूजन, झांकी और महाआरती का हुआ आयोजन



**पिस्का नगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी में गणेश चतुर्थी पर चल रहे पांच दिवसीय समारोह के पांचवें दिन शनिवार को श्री उपकार क्लब गणेश पूजा समिति पुराना बाजार टांड़ में गणेश चतुर्थी पूजन समारोह के अंतिम दिन 108 कुंवारी कन्याओं का पूजन, भगवान शंकर की झांकी और महाआरती कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रवींद्र सिंह, कांग्रेस के प्रदेश सचिव अमरेन्द्र सिंह, संजय कुमार झा, तपेश्वर केशरी, शशि भूषण भगत सहित श्री उपकार क्लब के अध्यक्ष मनीष केशरी, बिगलू केशरी, नयन केशरी, रवि केशरी, भोला केशरी, युवराज केशरी, अमर केशरी और समिति के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। वहीं साहेर रोड स्थित एसएस स्पोर्टिंग क्लब और सिद्धी विनायक में महाभंडारे का आयोजन किया गया। रविवार को भव्य विसर्जन जुलूस दोपहर दो बजे से निकाला जाएगा।

## आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर में विज्ञान, कला एवं शिल्प मेला का आयोजन

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को विज्ञान, कला एवं शिल्प मेला का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा प्रथम से एकादश तक के विद्यार्थी शामिल हुए। इस अवसर पर विद्यार्थियों के द्वारा सड़क पर दुर्घटना रोकने के लिये सौर ऊर्जा चालित इंडिकेटर, वर्षा जल संग्रहण इकाई, पोषक तत्वों की सूची सहित कई मॉडल तैयार किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी नीरज सिन्हा एवं विद्या भारती के संकुल संयोजक आलोक तिवारी ने विद्यार्थियों द्वारा बनाये गए मॉडल को सराहा और कहा कि ये बच्चे कौशल प्रतिभा के धनी हैं। यही बच्चे आगे चलकर भावी वैज्ञानिक के रूप में देश के विकास में अपना योगदान देंगे। प्रधानाध्यापक जितेंद्र तिवारी ने बताया कि प्रदर्शिनी में जो बेहतर करेंगे वे विद्या विकास समिति की प्रान्तस्तरीय होने वाले विज्ञान मेला में शामिल होंगे।

## भाजपा नेता सन्नी टोप्पो के नेतृत्व में ग्रामीणों ने श्रमदान से की सड़क की मरम्मत

**मांडर (आजाद सिपाही)।** करम पर्व और ईंद जतरा को देखते हुए भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो के नेतृत्व में ग्रामीणों के सहयोग से श्रमदान कर ग्राम कैम्बो में कैम्बो मैदान से पंचायत भवन तक 1.25 किलोमीटर पथ को चलने लायक बनाया गया। शनिवार को भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो के नेतृत्व में ग्रामीणों के द्वारा श्रमदान से सड़क की मरम्मत की गयी। इस रोड से आने-जाने में ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा से आहत होकर ग्रामीणों ने करम पूर्व ईंद जतरा को देखते हुए सन्नी टोप्पो के सहयोग से श्रमदान से सड़क को चलने लायक बनाया गया। इस कार्य से ग्रामीणों में खुशी की लहर थी। साथ ही श्री टोप्पो का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर उप मुखिया सुरा उरांव, गंगा उरांव, हुसू उरांव, मक्का उरांव, अनु साव, सुनील मिंज, सोमरा उरांव, हिरदु उरांव, मुनसफ अंसारी समेत सभी ग्रामीण मौजूद थे।

## बिजुपाड़ा में करम पूर्व संध्या कार्यक्रम आयोजित सभी खोड़हा दलों को किया गया सम्मानित



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** चान्हो प्रखंड के बिजुपाड़ा सरना स्थल पर शनिवार को करम पूर्व संध्या का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र से कई खोड़हा दल शामिल हुए। कार्यक्रम में खोड़हा दलों में शामिल आदिवासी महिलाएं व पुरुष नृत्य करते दिखे। इस दौरान सभी खोड़हा दलों को अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित चान्हो पूर्वी के जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए। युवाओं को भी चाहिए कि अपनी परंपरा को आगे बढ़ाएं। कार्यक्रम में आदिवासी नेता मघी उरांव, मंगरु भगत, संदीप उरांव, चमरा उरांव, अर्जुन भगत, लाखो पहान, असेसर शाही, हरि उरांव, दशरथ उरांव, सन्नी उरांव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## नीरजा सहाय डीएवी में पीटीएम सह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में पीटीएम सह चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सैम्फोर्ड अस्पताल ने रक्तदान शिविर लगाया एवं अन्वी चिल्ड्रेन हॉस्पिटल ने बच्चों के सम्पूर्ण विकास के लिए उपयुक्त मनोवैज्ञानिक तरीके एवं सही परवरिश पर जोर दिया तथा माता-पिता की काउंसिलिंग सेशन लिया। विद्यालय में अभिभावकों की उपस्थिति से आज अच्छी संख्या में लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करायी। प्राचार्या किरण यादव ने बच्चों में स्वास्थ्य के साथ सकारात्मक व्यवहार की सराहना की। बच्चों एवं अभिभावकों ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के विद्यालय के इस प्रयास को भी सराहा। बच्चों ने भी आज बाल प्रदर्शनी में अपनी कला का प्रदर्शन किया। विभिन्न स्टॉलों पर बच्चों ने अपनी कला की प्रदर्शनी की, जिसमें बिना आग के भोजन तैयार किए। प्राचार्या ने बच्चों के हाथ से बने सैंडविच, फ्रूट सलाद, झालमूढ़ी सरीखे बिना आग के तैयार होने वाले व्यंजनों को स्वयं चखा और बच्चों की सराहना की। इस अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में शिक्षकों एवं अभिभावों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। दंत चिकित्सकों, बाल मनोवैज्ञानिकों एवं नवजात शिशु रोग विशेषज्ञों एवं उनकी टीम की उपस्थिति का भरपूर लाभ आगंतुक अभिभावकों ने लिया। बच्चों के साथ माता-पिता ने भी विद्यालय के इस प्रयास की सराहना की।

## राजकीय मध्य विद्यालय नवागढ़ में मनाया गया स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** राज्यकीय मध्य विद्यालय नवागढ़ में आज रामकृष्ण मिशन आश्रम रॉंची के मार्गदर्शन में पिरामल फाउंडेशन के द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुखिया नवागढ़ भुवनेशवर बेदिया थे। सर्वप्रथम पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि विरीच्छान्दा ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्र- छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। इसलिए स्वच्छता का प्रचार-प्रसार गांव टोला के प्रत्येक परिवार तक पहुंचाना जरूरी है। इसके अलावा स्वास्थ्य उपकेन्द्र की सीएचओ ललीता कुमारी ने भी विद्यालय की छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी में विद्यालय के शिक्षकगण, मुखिया एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार हब के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रभात फेरी के पश्चात विद्यालय परिसर में फूल के पौधे भी लगाये गये। मौके पर विद्यालय के प्रधनाचार्य हरेकृष्ण चौधरी, दिनेश प्रसाद, शैलेश सिंह, जगन माझी, कैलाश शाही, भरत पाण्डेय, दीपक मुण्डा,विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार हब के प्रतिनिधि गम्भीर महतो, रोहीत शाही, पहलू बेदिया, सोनी कुमारी आदि उपस्थित थीं।

**प्रेस कांफ्रेंस :** भाजपा महिला मोर्चा ग्रामीण जिला रांची ने महिला आरक्षण बिल पास होने पर जतायी खुशी

# देश की महिलाओं को पीएम मोदी ने दी अनमोल सौगात : सुचिता सिंह

**महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगा कर तथा मिठाइयां बांट कर मनाया जश्न**

आजाद सिपाही संवाददाता




**अनगड़ा।** भाजपा महिला मोर्चा ग्रामीण जिला रांची की ओर से शनिवार को होटल राजधानी गोंदलीपोखर में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता सह ग्रामीण जिला प्रभारी सूचिता सिंह थीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर महिला मोर्चा ग्रामीण जिला रांची की अध्यक्ष माधूरी देवी, महामंत्री रेखा महतो, उपाध्यक्ष नूतन केसरी, नेहा केसरी, नेहा कुमारी, वीणा देवी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेन्द्र कुमार, जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुण्डा, सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, उमेश बड़ाईक, संजय नायक आदि उपस्थित हुए। मौके पर सूचिता सिंह ने कहा कि महिला आरक्षण बिल, महिला सशक्तीकरण की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक ऐतिहासिक निर्णय है। यह बिल लाकर मोदी जी ने देश की महिलाओं को एक अनमोल तोहफा दिया है। इस बिल का नाम नारी शक्ति वंदन अधिनियम रखा गया है। कहा कि विपक्ष ने लंबे काल तक शासन किया लेकिन महिलाओं को उनके अधिकार से हमेशा वंचित रखा। इस बिल के कानून बनने के बाद महिलाओं के सशक्त भागीदारी से हमारा लोकतंत्र और भी मजबूत होगा तथा लोकसभा व विधानसभा में हर तीसरी सांसद महिला होगी। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया।

मौके पर अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बिल महिलाओं को और सशक्त बनाएगी। बाद में महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर तथा मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया।

# झारखंड आंदोलन के जनक विनोद बिहारी महतो की 100वीं जयंती मनायी गयी

**पढ़ो और लड़ो का नारा देकर अमर हो गये विनोद बिहारी महतो : डॉ अमर चौधरी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** बिनोद बिहारी महतो स्मारक समिति चतरा टाटीसिलवे के तत्वावधान में शनिवार को बिनोद बिहारी महतो चौक चतरा टाटीसिलवे में झारखंड के भीष्म पितामह और झारखंड आंदोलन के पुरोधा स्व. बिनोद बिहारी महतो की 100वीं जयंती धूमधाम से मनायी गयी। मौके पर स्व. विनोद बाबू के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्रांजलि दी गई। मौके पर जेटीयू झारखण्ड के कुलसचिव सह भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ अमर कुमार चौधरी ने कहा कि स्व. विनोद बिहारी महतो झारखंड आंदोलन के अगुआ में से एक थे। उन्होंने झारखण्ड में शिक्षा का अलख जगाया तथा पढ़ो और लड़ो का नारा देकर अमर हो गये। वर्तमान में उनके बताए रास्ते पर चलकर ही स्वर्णिम झारखण्ड का निर्माण किया जा सकता है। पूर्व विधायक रामकुमार पहान ने कहा कि बिनोद बाबू झारखण्ड आंदोलन के प्रणेता और अपने आप में एक संस्था थे। जाति-धर्म से परे उठकर उन्होंने समस्त झारखंडियों के हितों की लड़ाई लड़ी थी। इस अवसर पर सभी ने बिनोद बाबू के सपनों का झारखंड बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिनोद बिहारी महतो स्मारक समिति के अध्यक्ष संतोष महतो ने की। मौके पर उपप्रमुख अनगड़ा जयपाल हजाम, ग्रामप्रधान संघ के जिलाध्यक्ष उमेश बड़ाईक, भाजपा अनगड़ा मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो, टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र महतो, पूर्व मुखिया सोहन मुण्डा, टाटी पूर्वी के मुखिया कृष्णा पाहन, ग्रामप्रधान किष्टो कुजूर, रमेश मुण्डा, अजय महतो, राजेश मिश्रा, बसंत महतो, रामकृष्ण महतो, नरेश महतो, रोहित महतो, सावना महतो, सुकूल महतो, रामबालक सिंह, महमुद अंसारी, बलराम महतो, अमरनाथ महतो, आशीष वर्मन, मदन महतो, रविरंजन सिंह, सचिन महतो, दिलीप ठाकुर कमलेश महतो सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# आरटीसी कॉलेज में कौशल विकास सम्मान समारोह आयोजित

**प्रखंड के शून्य से शिखर तक पहुंचनेवाले व्यक्तियों को किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** आरटीसी कॉलेज दड़दाग ओरमांझी के विवेकानंद सभागार में कौशल विकास सम्मान समारोह आयोजित कर प्रखंड के शुन्य से शिखर तक पहुंचने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता डॉ रुद्र नारायण महतो ने की।

सम्मान पाने वालों में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी जिन्होंने मुखिया से लेकर पांच बार रांची लोकसभा के सांसद रहे, मरहुम हाजी अब्दुर रज्जाक अंसारी ओरमांझी प्रखंड के पहले एमएलसी रहे, प्रखंड को पहला राष्ट्रीय स्तर का अपोलो अस्पताल देने का काम किया था का सम्मान पुत्र मंजूर अहमद अंसारी, मरहुम हाजी एहसान अंसारी प्रखंड में पहला नर्सिंग कॉलेज खोलने का काम किया था का सम्मान पुत्र शादाब अंसारी पुत्री शाहीन कौशर, राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू आरटीसी कॉलेज के प्रोफेसर से लेकर राज्यसभा सांसद अब तक, नंद गोपाल साहू झोपड़ीनुमा होटल से मधुबन विहार एवं रेस्टोरेंट के निदेशक अब तक, एशियन गोल्ड मेडल विजेता धावक वीरेंद्र प्रसाद साहू, किसान शिव नारायण साहू, दुबराज महतो, वेट लिफ्टर विराट महतो, कलाकार विवेक नायक को सम्मानित किया गया। समारोह में अतिथि के रूप में खिजरी विधायक राजेश कच्छप, पूर्व प्रमुख चंपा देवी, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह, पूर्व उप प्रमुख लालू उर्फ जय गोविंद साहू, विधायक सलाहकार रमेश उरांव, सत्यनारायण तिवारी, दुर्गा शंकर साहू कद्दूस अंसारी, सफीउल्लाह अंसारी आदि शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन आरटी सी कॉलेज के निदेशक डॉ पारसनाथ महतो व संचालन प्रो. शैलेन्द्र मिश्र ने किया।

**कार्यक्रम :** बेड़ो में करम पूर्व संध्या पर ढोल व मांदर की थाप पर झूमे हजारों लोग

# करम पर्व प्रकृति और संस्कृति के प्रति आस्था और प्रेम का संदेश देता है : गंगोत्री कुजूर

**42 खोड़हा दलों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में हजारों लोगों को झुमाया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** सातो रे बहिन सातो करम गाड़ी, सातो गोतनी सेवा करय रे के गीतों पर आदिवासी खोड़हा नृत्य दलों ने अपना नृत्य व गीत एवं मांदर, नगाड़ा व अन्य वाद्य यंत्रों की धुन पर बेड़ो सरना स्थल स्थित रंगमंच पर हजारों लोग झुम उठे। बेड़ो सरना समिति के तत्वावधान में आयोजित करम पूर्व संध्या का आयोजन किया गया। जहां बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष गंगोत्री कुजूर ने कहा कि करम पर्व प्रकृति और संस्कृति के प्रति आस्था और प्रेम का संदेश देता है। करम पर्व हमारी संस्कृति से जुड़ा हुआ प्रकृति पर्व है, जो हमें अपने पूर्वजों से मिला है। इसे अक्षुण बनाये रखना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा भादो एकादशी को झारखंड सहित देश के अन्य राज्यों में रहने वाले आदिवासियों द्वारा यह भाई बहन की असीम प्यार का यह पर्व सांस्कृतिक रीति रिवाज के साथ धूमधाम से करमा पर्व के रूप में मनाया जाता है। जो हमें बाकी समाज के अलग करती है। उन्होंने कहा कि इस पर्व में सभी की सुख समृद्धि की कामना की जाती है। वहीं एसटी मोर्चा के भोगेन सोरेन ने कहा आदिवासियों यह पर्व प्रकृति पर्व है जो भाई बहन के असीम प्यार दशार्ता हैं। जहां बहने अपने भाई की सलामती के साथ साथ सभी की सुख समृद्धि की कामना करती हैं। मौके पर उपस्थित डोरंडा कॉलेज की इतिहास विभाग की प्रोफेसर डा मंजू मिंज ने कहा कि आप लोग रहन सहन के साथ खान पान पर भी पुरानी परंपरा को जीवित रखें। आज के आधुनिक युग में खान पान से लोग बिमारी से ग्रसित हो रहे हैं। वहीं उन्होंने शिक्षा पर जो देते हुए कहा कि आप अपने बच्चों को अवश्य शिक्षित करें ताकि वे अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम का संचालन अनिल उरांव ने किया। इस मौके पर मुखिया सुशांति भगत भीखा उरांव, चारो उरांव, बन्नु भगत, अशोक खलखो, बसंत उरांव, आशा उरांव, जल्ही उरांव, बसंती, पुनिता, लक्ष्मण उरांव, विनय टोप्पो, सुकेन्द्र उरांव, सरोज टोप्पो, मंगरी उरांव, मालती उरांव, रितु उरांव, सुखमनी उरांव, आकृति उरांव, सुखमनी उरांव, शांति उरांव, पूनम तिर्की, प्रीति तिर्की, सुमन तिर्की, सुको उराइन, समीरा उरांव, संजय उरांव सहित दर्जनों खोड़हा दल के लोग पूरे पारम्परिक वेश भूषा में मांडर की थाप पर लोग झूम उठे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## नामकुम प्रखंड कार्यालय में करम पूर्व संध्या का किया गया आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय नामकुम में शनिवार को स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधि के द्वारा करम पूर्व संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये नामकुम प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप ने कहा कि करम पर्व बहनों द्वारा भाई की सुख-समद्धि के लिये रखा जानेवाला त्योहार है। उन्होंने लोगों से अपनी अखरा की संस्कृति को बचाने की अपील की। कार्यक्रम में स्थानीय जन-प्रतिनिधियों ने नृत्य प्रस्तुत किया। मौके पर जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश पांडेय, जिप सदस्य बिपीन टोप्पो, रामावतार केरकेट्टा, माता सीता लकड़ा, 52 पड़हा अध्यक्ष प्रदीप तिर्की, कांग्रेसी नेता माधो कच्छप, समाजसेवी पवन सिंह, मुखिया नन्हे कच्छप, कामेर्ला कच्छप, कृष्णा पहान, संदीप तिर्की, कृष्णा लोहरा, रोजलिन मिंज, कालीनाथ शाहदेव, चामू बेक आदि मौजूद थे।

## नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति ने नामकुम रेलवे स्टेशन पूजा पंडाल का किया भूमिपूजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति नामकुम रेलवे स्टेशन के दुर्गा पूजा पंडाल का भूमि पूजन किया गया। भूमिपूजन मंदिर के पुरोहित राधे राधे पांडेय द्वारा मंत्रोच्चार के बीच समिति के अध्यक्ष मनीष राय के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मां दुर्गा के वंदना के साथ विधवत पंडाल निर्माण कार्य की शुरूआत हुयी। गौरतलब है कि समिति के सदस्यों के द्वारा हर वर्ष धूमधाम से यहां पर मां दुर्गा की पूजा की जाती है। नामकुमवासी भाईचारे और हर्षोल्लास के साथ इस त्योहार को मनाते है। मौके पर मुख्य रुप से अध्यक्ष मनीष राय, सचिव रामकुमार सिंह, उपाध्यक्ष मुन्ना यादव, संरक्षक अजय सिंह, पंकज यादव, चंदन यादव, सोनू राय, दीपक सिंह, नागेंद्र उर्फ छोटू यादव, सुधीर, पीयूष के साथ अन्य शामिल थे।

## जय माता दी क्लब दुर्गा पूजा समिति नामकुम के पंडाल में 25 शीशवाली माता दुर्गा विराजेंगी



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची से सटे नामकुम खटाल यशराज धर्मकांटा में इस वर्ष भव्य पूजा पंडाल और शानदार लाइटिंग के बीच मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित होगी। जय माता दी क्लब दुर्गा पूजा समिति नामकुम रेलवे स्टेशन मां दुर्गा की विभिन्न स्वरुपों की प्रतिमा स्थापित करने के लिये जाना जाता है। इस बार 25 शीश वाली मां दुर्गा की प्रतिमा बनायी जा रही है। दुर्गा मां के साथ-साथ क्रमशः 25 शीश वाली मां सरस्वती, लक्ष्मी, कार्तिक और गणेश के भी श्रद्धालु दर्शन करेंगे। इधर समिति के अध्यक्ष विनोद सिंह ने बताया कि वे अपने खर्च पर हर वर्ष भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन कराते हैं। बताया कि पूजा पंडाल की दानपेटी में दान की हुई राशि किसी गरीब की बेटी की शादी में देकर मदद करेंगे। पूजा के दौरान लगातार चार दिन यशराज धर्मकांटा में भव्य भंडारा का भी आयोजन किया गया है।

## लापुंग में मालगो की टीम स्व. सूरज मुंडा फुटबाल टूर्नामेंट की बनी विजेता

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** स्व. सूरज मुंडा फुटबाल टूर्नामेंट का फाईनल मैच लापुंग स्टेडियम लापुंग में देर शाम तक खेला गया। फाइनल मैच मालगो व महुगांव के बीच खेला गया। इसमें मालगो ने महुगांव को पेनाल्टी में 3-2 गोल से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। मुखिया सबिता उरांव व सूरज मुंडा की पत्नी ने विजेता मालगो की टीम को प्रथम प्राइज 1.10 लाख का चेक व शील्ड दिया वहीं उपविजेता महुगांव की टीम ने 80 हजार रुपये नगद व शील्ड पाकर संतोष किया। तृतीय गुमला व चतुर्थ स्थान गोबिंदपुर की टीम रही। उन्हें 20-20 हजार रुपया का प्राइज दिया गया। इस मैच में कुल 16 टीमों ने भाग लिया था। प्रमुख कंचन उरांव व थाना प्रभारी सकुमार हेमरोम, संयोजक रूपूस भेंगरा, कमेटी मेम्बर अनमोल बरला, लालू विश्वकर्मा, विनय भेंगरा, सनु अहीर, तुरन्तन बरला, नारायण महली, बन्धु उरांव ने सूरज मुंडा फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन पर खिलाड़ियों व दर्शकों को बधाई दी।

## इटकी में करम पूर्व संध्या पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**इटकी (आजाद सिपाही)।** बारीडीह गांव के इटकी मोड़ स्थित शक्ति कोटा मैदान में शनिवार को सामाजिक कार्यकर्ता जागरे उरांव के नेतृत्व में करम पूर्व संध्या पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर दिवाकर मिंज व ढेलोमयी हंसदा एवं विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य रीना देवी कार्यक्रम में उपस्थित थी। कार्यक्रम में क्षेत्र के पांच पड़हा, 21 पड़हा व बारह पड़हा के करीब 38 गांव के खोड़हा दलों ने भाग लिया। जिसमें मुख्य रूप से इटकी, मल्टी, बारीडीह, रानीखटगा, मल्हार, बिन्धानी, सुगदा, डोला, मुकुंदा, मोरो गड़गांव के खोड़हा दलों ने अपने पारंपरिक वेशभूषा में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की। जिसमें बड़ीडीह की रात्रि पाठशाला की छोटी-छोटी बच्चियों द्वारा सरना गीत पर अपनी प्रस्तुति देकर मन मोह लिया। कार्यक्रम में सभी खोड़हा दलों को सम्म्मनित भी किया गया।

## ओरमांझी में केरम की टीम बनी फुटबाल टूर्नामेंट की विजेता

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** एसएस हाई स्कूल ओरमांझी स्टेडियम में खिजरी विधायक द्वारा प्रायोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का सेमी फाइनल मैच और फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच हरचंडा और केरम के बीच खेला गया। जिसमें केरम की टीम 1-0 गोल से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। 9 दिनों से चल रही इस टूर्नामेंट में 99 टीमों ने भाग लिया। सभी टीमों को जर्सी और फुटबॉल दिया गया। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप एवं विशिष्ट अतिथि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ममता देवी, जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो मुख्य रूप से शामिल हुए। के विजेता टीम को 21000, उप विजेता को 15000, तीसरे स्थान पर रहने वाले टीम को 11000 रुपए दिये गये। मौके पर रमेश उरांव सलाहकार विधायक खिजरी, तुलसी खरवार अध्यक्ष प्रखंड कांग्रेस कमेटी ओरमांझी, सुरेश साहू, खेल प्रभारी हरिमोहन महतो, विधायक प्रतिनिधि प्रो प्रेमनाथ मुंडा, अशोक गुप्ता, शिव प्रसाद साहू, रामटहल महतो, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, रशीद अंसारी, सफीउल्लाह अंसारी, तौहिद आलम, रीना मुंडा, शोभा देवी, सूरज पठान, सत्य नारायण साहू, सोहराय बेदिया उपस्थित थे।

